HGH INDIA® 2022
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
July 12-15, 2022
INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA, DELHI NCR

NEWS 3

A TEXZONE Event
www.hghindia.com

Where business feels at home!

### एचजीएच इंडिया २०२२

# बिज़नेस के लिए तैयार

एचजीएच इंडिया २०२२, के इस अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो के ग्याहरवां संस्करण का उद्देश्य अपने प्रदर्शकों को तेजी से बढ़ते भारतीय होम प्रोडक्ट्स मार्केट से जोड़ना है, तथा यह पूरे भारत से ५०० शहरों और नगरों से ट्रेड विजिटर्स का स्वागत करने के लिए तैयार है। एचजीएच इंडिया होम टेक्स्टाइल्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, होम फर्नीचर, होम डेकॉर, हाउसवेयर तथा उपहारों पर ध्यान केंद्रित करता है। पूरे भारत से ४०० से अधिक ३० अन्य देशों के अग्रणी ब्रांड्स और मैन्यूफैक्चर्स द्वारा अपने प्रोडक्ट्स यहां प्रदर्शित किए जाएंगे। पिछले साल उत्तर भारत में, ग्रेटर नोएडा में अपनी पहली सफल प्रदर्शनी के बाद, एचजीएच इंडिया एक बार फिर से कारोबार के लिए तैयार है।



२०२२–२३ के लिए बेड तथा बाथ, मैट्रेसेस, डेकोरेटिव मेड–अप्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, ब्लाइंड्स, वॉलपेपर्स, कार्पेटस, हस्तशिल्प, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, हाउसवेयर, स्टोरेज, कुकवेयर, किचनवेयर, किचन एप्लायंसेज, टेबलवेयर तथा होम उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को ट्रेड में प्रदर्शित किया जाएगा।

भारत में होम ट्रेड के लिए जुलाई का महीना मुख्य सोर्सिंग सीज़न होता है। इसलिए, १२ से १५ जुलाई क्रेताओं के लिए आने वाले दीवाली तथा त्यौहारी रिटेल सीजन के लिए अपनी मर्चेन्डाइज़ की योजना बनाने के लिए उपयुक्त समय होता है।

# बेड तथा बाथ: अनेक नए विकल्प

बेड तथा बाथ भारत में होम टेक्स्टाइल्स के लिए अकेली सबसे बड़ी श्रेणी है। भारत में बेचे जाने वाले कुल होम टेक्स्टाइल्स में से ५०% बिक्री बेड शीट्स की होती है और जिसकी वजह से यह रिटेलर्स और वितरकों के लिए एकमात्र सबसे महत्वपूर्ण उत्पाद बन जाता है। ध्यान देने वाली बात है कि देश में अभी भी निम्न प्रति व्यक्ति उपभोग के कारण बेड शीट्स के लिए मार्केट अभी भी १२–१५% प्रति वर्ष की दर से विकसित हो रही है। इसलिए, ब्रांड्स, मैन्यूफैक्चर्स, वितरक और रिटेलर्स के लिए बेड और बाथ श्रेणी में अभी भी विकास की संभावनाएं हैं जिनका दोहन नहीं किया गया है।

संभावना के बावजूद, आश्चर्यजनक बात है कि भारतीय मार्केट में अभी भी कुछ ही मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बेड और बाथ ब्रांड्स ही उपलब्ध हैं। अवसर का अनुमान लगाते हुए, अनेक उच्च गुणवत्ता मैन्यूफैक्चर्स तथा निर्यातक, जो वैश्विक बाजारों जैसे अमरीका तथा यूरोप में बहुत अच्छा निर्यात कार्य कर रहे हैं, ने अपने बेड तथा बाथ रेंज के प्रीमियम ब्रांड के साथ एचजीएच इंडिया २०२२ के माध्यम से घरेलू भारतीय बाजार में प्रवेश करने का निर्णय किया है।


बियांका


यूरोस्पा


पैनो

इंडो काउंट इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, जो भारत में हाई –एंड बेडशीट्स की सबसे बड़ी निर्यातक कंपनी है, वह अपने बूटिक लिविंग एंड लेयर्स के साथ पहले ही कुछ समय से इस श्रेणी में कारोबार कर रही है। स्प्रैड होम, जिसे प्रीमियम यूरोपीय बेड तथा बाथ उत्पादों के आयात तथा अपमार्केट फर्निशिंग तथा लार्ज फॉर्मेट रिटेलर्स द्वारा उनकी खुदरा बिक्री की जा रही है, वह स्प्रैड होम के अपने नए कलेक्शन जैसे एस्प्रिट, टॉम टेलर, पियरे कार्डिन तथा अन्य ब्रांड्स को पेश किया जाएगा। अपनी रेगुलर रेंज के अलावा, बियांका, जो कि बेड लिनेन, मैट्रेसेस तथा मेड–अप्स के क्षेत्र में बहुत ही तेजी से विकास करने वाली कंपनी है, उसके द्वारा भी अपनी लाइसेंस प्राप्त नौटिका बेड शीट्स को प्रस्तुत किया जाएगा। सैसून द्वारा वॉल्ट डिज़्नी तथा छोटा भीम आदि के लाइसेंस प्राप्त करैक्टर्स के साथ प्रिंटेड तथा डिजाइनर रेंज बेड तथा बाथ उत्पादों को पेश किया जाएगा। जयपुर

से बेल्ला कासा, जो कि उच्च गुणवत्ता युक्त बेड शीट्स तथा टॉप ऑफ दि बेड लाइन्स के लिए एक स्थापित मैन्यूफैक्चरर है, भी अपनी कलेक्शन पेश करेंगे। विजिटर अनेक ब्रांड्स जैसे प्लूची, बेल्ला कासा जैसे ब्रांड्स के बेबी बेड, शीट्स, ब्लैंकेटस, स्लीप उत्पाद तथा टॉवेल्स की अच्छी रेंज को देख सकेंगे।

एचजीएच इंडिया के इस संस्करण में प्रीमियर फाइन लिनेन तथा के.जी. लिनेन, जो दोनों कोयम्बटूर से अग्रणी बैड शीट निर्यातक हैं, की भागीदारी की जाएगी। देवतारा इंडस्ट्रीज़, जो कि गाजियाबाद में कार्यरत एक सुस्थापित प्रोसेस हाउसेज़ में से एक है, अपने ब्रांड शयन तथा जिंदल टेक्सोफैब, अहमदाबाद द्वारा एक बार फिर से अपने प्रिंटेड बेड शीट्स को प्रदर्शित किया जाएगा। कोयम्बटूर कॉटन कॉन्सेप्ट्स द्वारा अपने डॉक्टर टॉवेल्स ब्रांड के अंतर्गत टैरी टॉवेल्स की अपनी नई रेंज को प्रदर्शित किया जाएगा। मदुरई की पैरामाउंट टेक्स्टाइल्स, मोरिया उद्योग, दिल्ली, सूरत से भगवती टेक्स्टाइल्स, सालेम से पीवी सिल्क तथा अन्य भारत भर से कई अन्य प्रदर्शकों द्वारा अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

पानीपत से अग्रणी निर्यातकों जैसे पैन ओवरसीज़, जिनका अपना ब्रांड नाम पैनो है तथा बेरिजा ब्रांड के साथ टेक्सस्टाइल्स द्वारा बेड कवर्स, बाथ मैट्स, तथा डेकोरेटिव टॉप ऑफ दि लिनेन को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा, अनेक हैंडलूम और पॉवरलूम सेक्टर में काम करने वाले उद्यमी अपनी सृजनात्मक होम टेक्स्टाइल्स को प्रदर्शित किया जाएगा जिससे सोर्सिंग करना रूचिकर हो जाएगा।

एचजीएच इंडिया, २०२२ में सोर्सिंग की विस्तृत श्रृंखला तथा बेड तथा बाथ इनोवेशन्स को श्रेणियों में हॉल नम्बर १४ तथा १५ में प्रदर्शित किया जाएगा।

**स्प्रैड होम की अंतर्राष्ट्रीय शैली**

एचजीएच इंडिया में २०२२ में स्प्रैड होम प्रोडक्ट द्वारा बेड, बाथ, होम डेकॉर, एक्सेसरीज़, बाथ एक्सेसरीज़ की अनेक वैरायटी को पेश किया जाएगा। हार्ड गुड्स की नई रेंज–फ्री मूविंग फर्निचर सामग्रियां जैसे स्टील, वुड, बाम्बू और उसके विस्तारित स्वरूप जैसे बटलर ट्रे, बार कैबिनेट्स, स्टोरेज केबिनेट आदि को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

कंपनी द्वारा भारत में वैश्विक फैशन को प्रस्तुत किया गया है जिसमें हाई एंड उपभोक्ता खंड पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

स्प्रेड, एस्प्रिट, टॉम टेलर, पियरे कार्डिन, तथा स्पाइरेला जैसे अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ भारत में लग्ज़री को उपलब्ध कराना।



को–ऑर्डिनेटेड उत्पाद सेट्स में बेड शीट्स, रूम कर्टेन्स, तथा रूम का डेकॉर शामिल है। लग्ज़री बेड लिनेन जिसे ७००–१००० थ्रेड काउंट में इटालियन और इजिप्शियन कॉटन से तैयार किया जाता है। प्रौद्योगिकी का उपयोग बाम्बू, बोटानिक कॉटन जैसे प्यूर लग्ज़री, ड्यूरेबिलिटी प्लांट फाइबर बेडशीट के साथ महीन धागों में मदद करता है जो ठंडा, मुलायम और त्वचा के लिए अनुकूल होता है।

**इंडो काउंट इनोवेशन्स का नेतृत्व करता है**

इंडो काउंट इंडस्ट्रीज़ के तेजी से विकसित होते हुए ब्रांड्स बूटीक लीविंग तथा लेयर्स द्वारा अपनी उच्च गुणवत्ता बेड शीट्स तथा टॉप ऑफ दी बेड लिनेन में अपने नई कलेक्शन के अनेक इनोवेटिव फीचर्स को लांच किया जाएगा।

**कल्पवृक्ष**



कल्पवृक्ष कलेक्शन में बाम्बू तथा कॉटन ब्लेंडेड शीट्स सेट्स शामिल होंगे। सबसे बेहतर जैविक कपास की तुलना में बाम्बू ४०% अधिक एब्सार्बेंट होता है, त्वचा से आर्द्रता को तेजी से सोख लेता है और आपको ड्राई तथा सुविधाजनक स्थिति में रखता है। कपास की तरह, बाम्बू फाइबर प्राकृतिक रूप से ब्रिदेबल और बहुत अधिक अब्सॉर्बेंट होता है। इसका वजन सुपर लाइट होता है तथा इसमें सिल्की सॉफ्ट फीलिंग और प्राकृतिक चमक मिलती है। यह गंध रहित, पसीना सोखने वाला तथा प्रभाव यूवी प्रोटेक्टेंट होता है। इसमें इन–बिल्ट, एन्टी–बैक्टिरियल तथा एन्टी–माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं, जिसकी वजह से यह बेडिंग के लिए एक बहुत ही शानदार विकल्प साबित होता है। इसके अनेक फायदों के साथ, बाम्बू कॉटन शीट्स किसी कल्पवृक्ष से कम नहीं हैं।

कल्पवृक्ष बेड शीट रेंज, डुवेट कवर्स को ३०० टीसी (थ्रेड काउंट) कॉटन तथा बाम्बू ब्लेंड में ऑफर किया जाएगा। इस रेंज में टॉवेल्स भी शामिल होंगे।

**हेरिटेज वॉक**

भारत के शिल्प, इसके समृद्ध इतिहास और हेरिटेज, वर्षों तक प्रेरित करने वाले हस्तशिल्प के साथ ब्लेंड की गई संस्कृतियों की विरासत का समारोह मनाने के लिए हेरिटेज वॉक कलेक्शन को लांच किया जा रहा है। हेरिटेज वॉक, हमारे संस्कृति में देखी जाने वाली विविधि टेक्स्टाइल्स के हिस्से की यात्रा है। भारत कितना विविधता रखता है, यहां के लोग कितने विविधतापूर्ण हैं और उनके समारोह भी कितने भिन्न–भिन्न होते हैं। इस कलेक्शन के डिजाइनर का कहना है कि इस हेरिटेज वॉक का आनन्द लें और अपनी विरासत की जानकारी प्राप्त करें।

इस रेंज में बेड शीट सेट खादी प्रिंटेड होते हैं और साथ में डिजिटल प्रिंटेड पिलो कवर भी होते हैं।

**कश्मीरी कॉपर तथा ब्रासवेयर**

स्टोरीलाइन– कश्मीरी कॉपरवेयर और ब्रासवेयर उत्तर भारत से शिल्प का उल्लेखनीय स्वरूप हैं। ''कॉपर या ब्रासवेयर को तैयार करने की प्रक्रिया में कई शिल्पकार भाग लेते हैं, जिनको किसी खास तकनीक में विशेषता हासिल होती है। इस प्रक्रिया में खार – स्मिथ, नकाश – इनग्रेवर, ज़रकोड – गिल्डर, रोशंगर – पॉलिशर और चारकगर – क्लीनर या फिनिशर शामिल हैं।'' यह शिल्प जितना आकर्षक है, उतना ही जटिल है, इसको लाइमलाइट में लाए जाने की आवश्यकता है।

**कोयम्बटूर कॉटन कन्सेप्ट्स**

कोयम्बटूर कॉटन कन्सेप्ट्स, एक वैश्विक कंपनी है जिसकी शुरूआत वर्ष २००३ में की गई थी, और यह कंपनी कलेक्शन्स को डिजाइन और क्यूरेट करती है और किचन तथा टेबल लिनेन, डेकोरेटिव मेड–अप्स, बेडिंग, फ्लोर सीटिंग तथा एक्सेसरीज़ के साथ होम टेक्स्टाइल्स तैयार करती है। डॉक्टर टॉवेल्स, इंडियन टॉवेल कंपनी के उनके ब्रांड के अंतर्गत, एचजीएच इंडिया २०२२ में उनकी इनोवेटिव नई कलेक्शन को लांच किया जाएगा। कंपनी को सेडेक्स, ओइकोटेक्स, जीओटीएस तथा एसए८००० द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं।

**प्रीमियर ने फाइन लिनेन लॉन्च किया**



प्रीमियर एक अग्रणी बेड लिनेन मैन्यूफैक्चर्स में आते हैं जो कोयम्बटूर से काम करते हुए ७५ वर्ष से अधिक का औद्योगिक अनुभव रखते है और परिवार द्वारा संचालित महिलाओं द्वारा सशक्त संगठन है जिसमें सभी आवश्यक नैतिकताओं का पालन किया जाता है। यह एक वर्टिकली एकीकृत कंपनी है जिसमें स्पिनिंग से मेड–अप्स से संबंधित ६००० से अधिक एसोसिएट्स हैं तथा पूरे विश्व में १५० रिटेल तथा हॉस्पिटेलिटी ग्राहक शामिल हैं। प्रीमियर समूह की वार्षिक बिक्री २५० मिलियन डॉलर से अधिक है।

हमेशा निर्यात में लगे रहने वाले, सैटिन, पेर्केल, डॉबी, जेकक्वार्ड, प्रिंट्स आदि की फैब्रिक वेव्स की विस्तृत श्रेणी में १४४टीसी से १०००टीसी तक बहुत बढ़िया बेड शीट्स का यह निर्माता ब्रांड्स ब्लू डाहलिया, वेस्ट ब्रुक और प्रीमियर फाइन लिनेन के तहत एचजीएच इंडिया २०२२ के माध्यम से अपने भारतीय घरेलू बाजार में पदार्पण करेगा।



# रग्स तथा फ्लोर कवरिंग्स



आरकेएस



ऑब्सेशन्स

उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों के फ्लोर के सौंदर्यीकरण पर अधिक पैसा खर्च करने के साथ–साथ, एरिया रग्स, कार्पेट्स, तथा सिंथेटिक फ्लोरिंग अधिकांश होम फर्निशिंग तथा देश भर में होम डेकोर रिटेलर्स के लिए अधिक से अधिक महत्वपूर्ण श्रेणियां बनती जा रही हैं। इन सेगमेंट पर उपभोक्ता खर्च साल दर साल २०% बढ़ रहा है।

परम्परागत हैंड–नॉटेड रग्स मार्केट के लग्जरी और प्रीमियम एंड को बनाए रखे हुए हैं। इसी के साथ–साथ उनके सस्ते काउंटरपार्ट्स जैसे हैंड–टफ्ड तथा मशीन मेड कार्पेट्स की मांग में बहुत तेजी देखने को मिल रही है।

कालीन और आरकेएस जैसे ब्रांड्स द्वारा वूल, सिल्क तथा विस्कोस में अपने लग्जरियस हैंड नॉटेड तथा हैंड–टफ्ड रग्स की नई रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा। सरल होम द्वारा मशीन मेड सिंथेटिक रग्स तथा किड्स कार्पेट्स के साथ–साथ ब्रांड ईज़ी लिविंग के अंतर्गत लाइसेंस्ड करैक्टर्स के साथ नई कलेक्शन को पेश किया जाएगा।

पानीपत की पैन ओवरसीज़, अपने पैनो ब्रांड के अंतर्गत, रग्स, दरियों, तथा बाथ मैट्स की उन्नत अंतर्राष्ट्रीय रेंज को पेश किया जाएगा, जिनका विनिर्माण भारत में किया गया है, लेकिन उनके लिए अमरीकी तथा यूरोपीय मार्केट से अपनी डिजाइन सेंस को चुना गया है।

ऑब्सेशन्स उपभोक्ताओं के विभिन्न सेगमेंट के स्वाद के अनुरूप विभिन्न प्रकार की सामग्रियों में आयातित, मशीन मेड कार्पेट्स, बाथ मैट और डोर मैट की अपनी बहुत ही नवीन श्रृंखला का प्रदर्शन करेगा। समान रूप से, स्टुडियो एचएफ द्वारा अपने फ्लोरिस्टा ब्रांड के अंतर्गत आयात आधारित रग्स की रेंज को पेश किया जाएगा।

फ्लोरिंग इंडिया, शम्सी एक्स्पोर्ट्स तथा अनेक अन्य स्वदेशी विनिर्माताओं द्वारा भी रिटेलर्स को अपनी रेंज को पूरा करने के लिए बहुत अलग–अलग किस्मों को पेश किया जाएगा।

अलग–अलग जीवन शैलियों के लिए इनडोर सिंथेटिक फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग, फ्लोर टाइल्स, आउटडोर तथा कृत्रित घास और साथ ही फंक्शनल फ्लोर कवरिंग्स जैसे खंडों के लिए अनेक आयातकों जैसे एवरग्रीन बाम्बू, क्रिस्टल कार्पोरेशन, आवाना ग्रीन्स, पॉलिनेशन, डायरेक्ट डेकॉर, एज़्ज़ कॉर्पोरेशन तथा तुलसियानी इंटरनेशनल द्वारा गुणवत्ता और कीमत के संदर्भ में उपयुक्त समाधानों और विस्तृत सोर्सिंग विकल्पों को पेश किया जाएगा।

# होम फर्नीचर

एचजीएच इंडिया २०२२ में पहली बार प्रस्तुत किए जाने के कारण, इनडोर और आउटडोर होम फर्नीचर अधिकांश रिटेलर्स के लिए एक बहुत ही रूचिकर रेंज साबित होगी, फिर चाहे वे वर्तमान में फर्नीचर में डील करते हैं या फिर केवल फर्निशिंग फैब्रिक्स, होम टेक्स्टाइल्स, होम डेकॉर या पूर्ण होम सोल्यूशंस में डील करते हैं; उनके अधिक से अधिक ग्राहक डेकोरेटिव तथा फंक्शनल फर्नीचर में इनोवेटिव समाधान की मांग कर रहे हैं। इसलिए होम श्रेणियों में अधिक से अधिक रिटेलर्स अपनी मर्चेन्डाइज़ की लाइन में फर्नीचर को शामिल कर रहे हैं। इसके अलावा, एचजीएच इंडिया में आने वाले वास्तुशिल्पी तथा इंटेरियर डिजाइनर्स फर्नीचर, वॉल तथा फ्लोरिंग डेकॉर, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, तथा सॉफ्ट फर्निशिंग में समन्वित समाधानों को देख पाएंगे क्योंकि इन सभी श्रेणियों को यहां प्रस्तुत किया गया है।

वीव क्राफ्ट, सुप्रीम इंडस्ट्रीज़, स्प्रैड होम, क्रिस्टल फर्नीटेक, नोलाराम जैसे ब्रांड्स द्वारा पहली बार इनडोर और आउटडोर फर्नीचर को पेश किया जाएगा।

सुप्रीम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, भारत की अग्रणी प्लास्टिक मोल्डिंग कंपनी द्वारा श्रेष्ठ गुणवत्ता, समकालीन डिजाइनर प्लास्टिक फर्नीचर की अपनी रेंज को पेश किया जाएगा जिसका इस्तेमाल रोजमर्रा की जिंदगी में किया जाता है। इस रेंज में मोल्डेड, उपहोल्स्ट्रेड, लैकर्ड फर्नीचर जैसे चेयर्स, टेबल्स, डाइनिंग, स्टोरेज कैबिनेट्स तथा किड्स फर्नीचर शामिल है। वीव क्राफ्ट द्वारा आउटडोर पातियो अम्ब्रेला, रोप्स तथा स्ट्रेप्स कलेक्शन, वुड तथा वोवेन रैट्टन फर्नीचर, रिट्रेक्टेबल रूफिंग्स, सिंथेटिक वोवेन फर्नीचर तथा गज़ेबो पेश किया जाएगा।

क्रिस्टल फर्नीटेक, नागपुर द्वारा कॉफी टेबल्स, नेस्टिंग टेबल्स, सोफा सेट्स, बैडरूम फर्नीचर, मोड्यूलर किचन, डाइनिंग सेट्स, तथा लकड़ी के छोटे फर्नीचर की रूचिकर रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा। चुरू, राजस्थान से नोलाराम द्वारा वुडन होम फर्नीचर की पूरी रेंज जैसे बेड्स कंसोल्स, केबिनेट्स, डाइनिंग, नेस्टिंग टेबल्स, लाऊंज चेयर्स आदि की पूरी रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके अलावा, छोटे फर्नीचर, किड्स फर्नीचर तथा हाउसहोल्ड यूटिलिटि आइटम्स जिनकी फर्निशिंग रिटेलर्स को अधिक से अधिक आवश्यकता होती है, को प्रदर्शित किया जाएगा।



क्रिस्टल फर्नीटेक

# होम डेकॉर: समय के साथ बदलना

होम डेकॉर, क्योंकि यह श्रेणी सदियों से मौजूद रही है, लेकिन हर १० वर्ष के अंदर इसके साथ समझौता कर लिया जाता है– और यह जीवनशैली, संस्कृति तथा तकनीकी परिवर्तनों से प्रभावित होती है। आज के समय के अनुसार अपने घर को सजाना अक्सर उपभोक्ताओं के लिए एक चुनौती साबित होता है और इसे प्रसन्नता से स्वीकार भी करते हैं। आज के समय में रहने, काम करने और सामाजिक संबंधों के कारण घर पर अधिक समय व्यतीत किया जाता है, इसलिए लोग निरन्तर होम डेकॉर के संबंध में अपनी सोच पर नए सिरे से विचार कर रहे हैं फिर चाहे यह वॉल्स, फ्लोर्स, सेलिंग या टेबल्स आदि ही क्यों न हों।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उपभोक्ताओं का यह शौक बन गया है कि वे ऐसे उत्पादों की खरीद करते हैं जिससे उनके घर सौन्दर्यपरक रूप से अधिक सुखद बनने के साथ–साथ, अधिक कार्य कुशल रूप से फंक्शन करते हैं। घर की लुक और फील में सुधार करने के लिए अधिक पैसा खर्च किया जा रहा है, और स्पष्ट रूप से रिटेलर्स, मैन्यूफैक्चर्स, ब्रांड्स और होम डेकॉर से जुड़े आयातकों के लिए अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं। एचजीएच इंडिया २०२२ द्वारा इस सामाजिक बदलाव को प्रदर्शकों द्वारा प्रस्तुत उत्पाद ऑफरिंग्स के माध्यम से दर्शाया जाएगा।

वॉलपेपर के आयातकों से लेकर विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक और सिंथेटिक रग्स तथा फ्लोर


एफ एंड एफ


एक्सेल वॉलकवरिंग्स

कवरिंग्स, हस्तशिल्प से लेकर मॉडर्न डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, कलाकृतियों से लेकर फिगुरिन, एरोमा, मोमबत्तियां और इत्र आदि, टेबल डेकोरेशन्स से डेकोरेटिव लाइट्स तक... यह रेंज कभी खत्म नहीं होने वाली है।

विजिटर्स मुरादाबाद, फिरोजाबाद, सहारनपुर, खुर्जा, जयपुर, जोधपुर, आगरा, दिल्ली, रांची, राजकोट, तथा पूरे भारत से अन्य अनेक प्रोडक्शन केन्द्रों से आई विस्तृत रेंज को देख पाएंगे। इसके अलावा अनेक विनिर्माता तथा आयातकों द्वारा भारत, चीन, यूरोप, जापान, थाईलैंड, वियतनाम तथा अन्य अनेक देशों से आधुनिक डेकोरेटिव उत्पादों तथा सामग्रियों को देखा जा सकेगा। उदाहरण के लिए, एक्सेल होम डेकॉर द्वारा वालपेपर्स में अनेक इनोवेशंस को प्रदर्शित किया जाएगा।

### एक्सेल वालपेपर्स द्वारा देशज

एक्सेल होम डेकॉर जो कि वालपेपर्स के लिए एक अग्रणी ब्रांड तथा आयातक हैं, जिनका मुख्यालय कोलकाता में है, वे एचजीएच इंडिया में देशज वालपेपर्स की आकर्षक रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा।

देशज स्वदेशी भारत और परम्परा, कला, रंग और सौन्दर्य की एक शानदार अंतहीन कहानी है। भारतीय कला स्वरूपों की खास एलिगेंस द्वारा अलग– अलग कथाओं और कहानियों को प्रदर्शित किया गया है। इस कलेक्शन में शामिल डिजाइन एक मनोभाव को तैयार करने की कोशिश करते हैं जिसमें दीवारों के कैनवास पर भारतीय विविधता और म्यूटेड रंगों के संतुलन को दर्शाया जाता है जो स्वदेशी भारत की कहानियां बताते हैं।

देशज कलेक्शन अंतहीन कलमकारी टेक्स्टाइल्स द्वारा प्रेरित है जिसमें मछलीपटनम फूलों की शैली पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। कलमकारी एक सौन्दर्यपूर्ण और अंतहीन समय से चली आ रही परम्परागत भारतीय कला का अंग है जिसका शब्दश: अर्थ है कि, ''पेन के साथ सजावट करना।''

### नेचर का राग- प्रकृति के संगीत से प्रेरित वालपेपर्स

टॉइल इंडीएन एक पुरूस्कार विजेता डिजाइन स्टूडियो है। इसके कलेक्शन में लंदन, पेरिस, टोक्यो तथा टोरंटों में लग्ज़री इंटेरियर्स देखे जा सकते हैं। एक्सेल द्वारा टॉइल इंडीएन के नवीनतम वालपेपर्स कलेक्शन को लांच किया जाएगा जो प्रकृति के संगीत–प्रकृति के रागों से प्रेरित होंगे– और ये ऐसे रंगों में होंगे जो भारतीय शास्त्रीय रागों के मनोभाव और भावनाओं को समझते हैं। नेचर रागा कलेक्शन कला, वास्तुशिल्प, टेक्सटाइल्स और आभूषण जैसे स्रोतों पर आधारित है– मंदिरों के आभूषण, जिनको दक्षिण भारतीय से चुना गया है, राजस्थानीय तथा तंजौर पेंटिंग्स से प्राप्त किया गया है, मुगल वास्तुशिल्प को जिसमें शामिल किया गया है और आर्ट नोव्यू को भी शामिल किया गया है ताकि एक समृद्ध और स्थाई पैटर्न तैयार किए जा सकें जो रागों के सर्वाधिक आनन्ददायक स्वरूप प्रस्तुत करते हैं।

# भारत में हाउसवेयर का विकास

पूर्वानुमान है कि अगले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष ८–१०% का विकास होगा। भारत की जनसंख्या १.३५ बिलियन है, जिसमें ६५% लोग ३० वर्ष से कम आयु के हैं। युवा भारतीय शिक्षित, भली भांति यात्रा करने वाले और अंतर्राष्ट्रीय शैली को अपनाने की कामना रखते हैं। इन सभी कारकों के आधार पर भारत, स्वयं भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय उद्यमियों के लिए बहुत अधिक संभावना रखने वाले देशों में से एक है। इसलिए, कई प्रमुख भारतीय आयातक और बड़े औद्योगिक घराने भारतीय घरेलू बाजार को पहले से कहीं अधिक गंभीरता से देख रहे हैं।

अधिकांश होम श्रेणियों में १५ से २० प्रतिशत के बीच में मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद के साथ, अधिक से अधिक ब्रांड, मैन्यूफैक्चर्स तथा रिटेलर्स यहां पर निवेश कर रहे हैं ताकि वे अपने होम प्रोडक्ट्स को डिजाइन कर सकें, उत्पादित कर सकें और मार्केट कर सकें तथा अपने रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का विस्तार कर सकें।

हाइब्रिड वर्किंग को अब दीर्घकालिक ट्रेंड के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। अब घर अधिक व्यस्त तथा सुविधा के केन्द्र और कार्य की सुरक्षा तथा सामाजिक मेलजोल का केन्द्र बनते जा रहे हैं, क्योंकि दोनों ही हाइब्रिड में जारी हैं। यह उम्मीद की जा रही है उपभोक्ता अब घर के अंदर अधिक समय बिताएंगे, भविष्य में, वे अपने घरों पर तुलनात्मक रूप से बार बार कहीं अधिक


क्ले क्राफ्ट

समीपवर्ती नज़र डालेंगे तथा अपने किचन, लिविंग तथा बेडरूम परिवेश को परिवर्तित करने पर विचार करेंगे। इसलिए, होम श्रेणी के रिटेलर्स आने वाले समय में अच्छा काम कर पाने में अवश्य ही सफल हो सकेंगे। नई श्रेणियां जैसे होम ऑफिस फर्नीचर, एक्सेंट फर्नीचर, तथा डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ और भी अधिक होम टेस्टाइल्स, फर्निशिंग तथा रिटेल स्तर पर होम डेकॉर के साथ ब्लेंड होंगे।

भारतीय उपभोक्ता अब आधुनिक किचनवेयर, किचन टूल्स, कुकवेयर तथा किचन के उपकरणों पर अधिक खर्च करना स्वीकार कर रहे हैं और जिसके पीछे कारण स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुविधा तथा समय की बचत शामिल है। स्टीमर्स, राइस कुकर्स, सैंडविच मेकर्स, स्लो जूसर्स, फूड प्रोसेसर्स, वाटर और एयर प्यूरीफायर्स, वेजिटेबल तथा फ्रूट क्लीनर्स खास तौर पर अच्छे बिजनेस कर रहे हैं।

अब घर चूंकि पार्टी करने और सामाजिक मेलजोल बढ़ाने का केन्द्र बन गया है, टेबलवेयर के रूप में एक श्रेणी में भी विकास हुआ है। प्रीमियम डिनरवेयर, ग्लासवेयर, क्रॉकरी, कटलरी, सर्ववेयर, टेबल लिनेन में उपभोक्ता तथा रिटेल खंड में २५% से अधिक का विकास देखा गया है, और यहां तक कि होरेका की मांग में पिछले दो वर्षों के दौरान एक प्रकार की स्थिरता देखी गई है।

छोटे टाउनों में, चाहे ऑनलाइन हो या ऑफलाइन दोनों में तीव्र विकास देखा गया है। टियर ख्ख तथा टियर ख्ख्ख शहरों के उपभोक्ता अब शहरी जीवनशैली जीने के उत्सुक हो रहे हैं और बेहतर डिजाइन, बेहतर गुणवत्ता, ब्रांडेड उत्पादो की तरफ मुड़ने लगे हैं।

### रत्ना होम प्रोडक्ट्स

रत्ना होम द्वारा ड्राई फ्रूट, मसाला और किचन स्टोरेज बॉक्स की जियोमैट्रिक थीम्स जैसे स्क्वायर, रेक्टेंगल, हेक्सागोन आदि शेप में स्टेनलेस स्टील की अपनी नई कलेक्शन को पेश किया जाएगा। एचीजएच २०२२ इंडिया मेंस, इस ब्रांड द्वारा रूचिकर डिजाइनों के साथ किड्स प्लेट्स को लांच किया जाएगा जिसमें बच्चे अपने भोजन को मौज मस्ती के साथ खा पाएंगे।

रत्ना द्वारा स्टेनलेस स्टील को ट्राफी के आकार में, मल्टीपर्पोज कटलरी होल्डर के साथ बीपीए रहित प्लास्टिक के साथ ब्लेंड किया गया है।

### स्तहल

स्टहल द्वारा वर्सेटाइल प्रेशर कुकर का डिजाइन प्रेशर कुकर के भविष्य के रूप में तैयार किया गया है। इसकी क्लास्प–ऑन लिड इस्तेमाल में आसान है, पकाने में सरल तथा अपने आप में इसे कुकिंग इको–सिस्टम बनाने में मदद करती है। सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता की ट्रिप्ली से तैयार, प्रेशर कुकर फास्ट, सुरक्षित तथा पूरी तरह से आकर्षक है।

यह आकर्षक होने के साथ–साथ मजबूत भी है। सुंदर होने के साथ–साथ विश्वसनीय भी है। वर्सेटिल कुकर मूलभूत लुक्स में कुछ अलग फीचर्स की खोज करने वाले लोगों तथा प्रेशर


स्तहल

कुकर की फील चाहने वाले क्रेताओं को आकर्षित करेगा।